पहले ध्यान श्री गणेश का मोदक भोग लगाओ भजन लिरिक्स

पहले ध्यान श्री गणेश का,
मोदक भोग लगाओ,
भक्ति मन से कर लो भक्तो,
भक्ति मन से कर लो भक्तो,
गणपति के गुण गाओ,
पहले ध्यान श्रीं गणेश का।bd।

द्वार द्वार घर आसन सब पर,
शुभ प्रभु की है प्रतिमा,
देवो में जो देव पूज्य है,
गणपति की है गरिमा,
मंगल अति सुमंगल है जो,
मंगल अति सुमंगल है जो,
उनको नयन बसाओ,
पहले ध्यान श्रीं गणेश का।bd।

आरती स्तुति भजन प्रार्थना,
शंख नाद भी गूंजे,
मंगल जल दर्शन से गणपति,
तन मन सबका भीजे,
सब भक्तो का मंगल कर दो,
सब भक्तो का मंगल कर दो,
मन सब का हरषाओ,
पहले ध्यान श्रीं गणेश का।bd।

सब त्यौहार उन्ही से शुभ है,
गणपति का त्यौहारा,
मूषक वाहन श्री गणेश का,
ऐसा देव हमारा,
कीर्तन भजन 'नारायण' करते,
कीर्तन भजन 'नारायण' करते,
उत्सव आज मनाओ,
पहले ध्यान श्रीं गणेश का।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पहले ध्यान श्री गणेश का,
मोदक भोग लगाओ,
भक्ति मन से कर लो भक्तो,
भक्ति मन से कर लो भक्तो,
गणपति के गुण गाओ,
पहले ध्यान श्रीं गणेश का।bd।

स्वर – साधना सरगम।
प्रेषक – कामेश्वर नाथ त्रिपाठी
6391165099

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com